दिनांक :26.07.2025 समय : 07.10चउ

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में हुए शामिल ।
- देशभर में आज मनाया गया करगिल विजय दिवस, शहीद वीर जवानों को किया नमन।
- मुख्यमंत्री ने कहा सरकार होम स्टे निर्माण के लिए उपलब्ध करा रही सहायता।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कल आकाशवाणी पर देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा ।
- मौसम विभाग ने पांच जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट किया जारी।

**प्रधानमंत्री मोदी–मॉलदीव स्वतन्त्रता दिवस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मालदीव की राजधानी माले में आयोजित 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने समारोह में श्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह की शुरुआत 21 तोपों की सलामी और मालदीव के रक्षा बलों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुई। समारोह में देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और पिछले छह दशकों की उसकी उल्लेखनीय यात्रा को खूबसूरती से दर्शाया।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों का अभिवादन करने के साथ समारोह का समापन हुआ। बाद मेंए प्रधानमंत्री अपनी दो दिवसीय मालदीव यात्रा के समापन के साथ स्वदेश रवाना हो गए।

**करगिल विजय दिवस**

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन करगिल युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन विजय की सफलता का प्रतीक है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दी है।

लद्दाख में 26वें करगिल विजय दिवस के अवसर पर 1999 के करगिल युद्ध के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए द्रास में करगिल युद्ध स्मारक पर समारोह आयोजित किया गया। खेल मंत्री मनसुख लाल मांडविया, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

कारगिल दिवस पर प्रदेश में भी आयोजन किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा के सैनिक स्कूल पहुंचकर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीदों का नमन किया।

**मातृ शक्ति उत्सवः मोहन यादव**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज सतना जिले के ग्राम सिंहपुर में मातृ शक्ति उत्सव' अंतर्गत आयोजित महिला सम्मेलन एवं आम सभा को संबोधित किया। उन्होंने 93.19 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की हितग्राही बहनों को हितलाभ भी वितरित किए। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से संपन्न सतना में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार गांव–गांव होम स्टे निर्माण के लिए 2 लाख रूपए तक की सहायता प्रदान कर रही है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।

## रीवा कॉन्क्लेव

आज रीवा में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुभारंभ हुआ। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हो रहे हैं। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ–साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ाना है। साथ ही मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि तथा विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

## संसद–रत्न

नई दिल्ली में आज 17 सांसदों को अनुकरणीय कार्यनिष्पादन के लिए संसद रत्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इनमें भारतीय जनता पार्टी के रवि किशन और दिनेश शर्मा, कांग्रेस से वर्षा गायकवाड़, एनसीपी–एसपी से सुप्रिया सुले और शिवसेना–यू.बी.टी से अरविन्द सावंत शामिल हैं। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह पुरस्कार इन सांसदों के विशेष योगदान का सम्मान है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 124वां एपिसोड होगा।

इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्कए आकाशवाणी समाचार वेबसाइट दमूेवदंपतण्हवअण्पद और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएयर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचारए डीडी न्यूज़ए पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

## बीमा सखी योजना': शिवराज सिंह

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज 'बीमा सखी योजना' को लेकर एक वक्तव्य जारी किया है। वक्तव्य में उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल महिला सशक्तिकरण, बल्कि ग्रामीण भारत और अर्ध शहरी क्षेत्रों को आर्थिक सुरक्षा मुहैया कराने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। केंद्र सरकार, देश की प्रत्येक महिला को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए संकल्पित

है।'श्री चौहान ने कहा कि "बीमा सखी योजना, महिला उद्यमिता और वित्तीय आज़ादी का मजबूत माध्यम है। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को साकार करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है।"

## मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। कल प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में बारिश हुई। राजधानी भोपाल में सुबह के समय तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए प्रदेश के पांच जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं। इनमें रायसेन, सागर, दमोह, पन्ना, सतना और रीवा शामिल हैं। इसके अलावा 21 जिलो में ओरैंज अलर्ट जारी किया गया हैं। प्रदेश के बाकी जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट है। बैतूल के सारणी के सतपुड़ा बांध सात गेट खोल दिए गए हैं। मुरैना के पगारा बांध के 6 गेट खोल दिए गए हैं। राजधानी भोपाल में बारिश का दौर जारी है। सीहोर में तेज बारिश होने से कोलांस नदी उफान पर है। झाबुआ, खंडवा, शहडोल जिलों में भी बारिश हुई।

## कैंसर–जांच

केंद्र सरकार ने देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 10 करोड़ 18 लाख से अधिक महिलाओं की सर्विकल कैंसर की जांच की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि यह उपलब्धि गैर–संचारी रोगों की जांच, रोकथाम और प्रबंधन की जनसंख्या–आधारित पहल का हिस्सा है। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल 30 से 65 वर्ष की आयु की महिलाओं को लक्षित करती है। मंत्रालय ने कहा कि वीआईए–पॉज़िटिव मामलों को आगे के नैदानिक मूल्यांकन के लिए उच्चतर केंद्रों में भेजा जाता है।

## कुछ समाचार संक्षेप में

- एम्स भोपाल में आज लैरिंगोलॉजी समिट 2025 का आयोजन किया। इस 13वें वार्षिक सम्मेलन में देश–विदेश से 140 से अधिक विशेषज्ञों ने सहभागिता की।
- संयुक्त राष्ट्र के रिकॉर्ड में इंदौर अब वेटलैंड सिटी के रूप में दर्ज हो गया हैद्य इंदौर को वैश्विक स्तर पर वेटलैंड सिटी के रूप में मान्यता प्राप्त हो गई है द्य
- शिवपुरी जिले में कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा कल नरवर तहसील के ग्राम आदिवासी टपरा छितरी में अवैध उर्वरक भण्डारण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान बिना लायसेंस के अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किए जाने की षिकायत पर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।
- राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत आगरमालवा जिले में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण ट्रैकर एप" एवं सम्पर्क एप पर की जा रही प्रविष्टियों की समीक्षा की गई।
- पन्ना में इस वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर आगामी 16–17 अगस्त को श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण पर्व का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

-----------------------------------